RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 47 • 29:02:2024 • गुरुवार • मूल्य : 5/-

## मणिपुर सरकार से गुहार-हमारे बच्चों के शव दे दीजिए

इंफाल (एजेंसी)। मणिपुर हिंसा में करीब आठ महीने पहले मारे गए दो स्टूडेंट्स के शव अभी तक उनके परिजन को नहीं मिले हैं। सितंबर में उनकी लाश की तस्वीर सामने आने के बाद से दोनों के परिवार शव ढूंढ़ने में लगे हैं और मदद की गुहार कर रहे हैं। इन स्टूडेंट्स की पहचान 17 साल की हिजाम लिनथोइंगंबी और 20 साल का फिजाम हेमजीत के तौर पर हुई थी। लिनथोइंगंबी के पिता कुलजीत ने



मंगलवार को मणिपुर विधानसभा की कैबिनेट मीटिंग में इस मुद्दे को उठाने की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि पिछले 8 महीनों से उन्हें बच्चों के कपड़े तक नहीं मिले हैं। हमें दोनों का कोई सुराग नहीं मिल रहा है। पिछले साल 6 जुलाई को 17 साल की लिंथोईगंबी कोचिंग क्लास के लिए निकली थी, लेकिन घर वापस नहीं लौटी थी। उसके साथ हेमजीत भी तभी से लापता था। घटना के दो महीने बाद सोशल मीडिया पर दोनों के मरने की सूचना सामने आई थी।

# ईडी किसी को भी बुला सकती है, उसको है अधिकार

### सुप्रीम कोर्ट की बड़ी टिप्पणी, कहा-उसके समन का सम्मान करना ही होगा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ईडी यानी प्रवर्तन निदेशालय के समन को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को बड़ी टिप्पणी की है। शीर्ष न्यायालय का कहना है कि पीएमएलए की धारा 50 के तहत अगर किसी को तलब किया जाता है, तो उसे समन का सम्मान करना होगा और उसका जवाब भी देना होगा। खास बात है कि कोर्ट की तरफ से यह टिप्पणी ऐसे समय पर आई है, जब दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के लगातार 8 समन छोड़े जाने की चर्चाएं हैं। शीर्ष न्यायालय में मद्रास हाईकोर्ट के एक आदेश के खिलाफ ईडी ने याचिका दाखिल की थी। हाईकोर्ट ने कथित रेत खनन घोटाला में तमिलनाडु के के 5 डीएम को जारी समन पर रोक लगा दी थी। तमिलनाडु सरकार ने ईडी की तरफ से जारी समन को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी, जिसपर बाद में डिवीजन बेंच ने रोक लगा दी थी। अब ईडी ने अंतरिम आदेश के खिलाफ शीर्ष न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था। सुप्रीम कोर्ट ने रोक को हटा दिया और जिला कलेक्टरों को ईडी के सामने पेश होने के आदेश दिए हैं। मामले की सुनवाई जस्टिस बेला एम त्रिवेदी और जस्टिस पंकज मित्तल की बेंच कर रही थी। बार एंड बेंच की रिपोर्ट के अनुसार, बेंच ने कहा, यह देखा गया है कि अधिनियम के तहत जारी कार्यवाही के दौरान ईडी किसी भी व्यक्ति को सबूत पेश करने या उपस्थित होने के लिए तलब कर सकती है। आगे कहा गया, जिस किसी को भी समन जारी होते हैं, उनसे उम्मीद की जाती है कि वह ईडी के समन का सम्मान करेंगे और उनका जवाब देंगे।



## अब अखिलेश यादव को सीबीआई ने भेजा समन



**लखनऊ (एजेंसी)।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव को सीबीआई ने समन भेजा है। सीबीआई ने उन्हें अवैध खनन मामले में 29 फरवरी यानी कल पूछताछ के लिए दिल्ली बुलाया है। अखिलेश इस मामले में बतौर गवाह पेश होंगे। अवैध खनन का यह मामला हमीरपुर में 2012–2016 के बीच का है। जनवरी 2019 में सीबीआई ने इस मामले में चर्चित आईएएस अफसर बी. चंद्रकला समेत 11 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। यह जानकारी सूत्रों के हवालों से पता चली है। सीबीआई ने अखिलेश यादव को 160 ऐक्ट के तहत समन भेजा है। यह धारा सीबीआई को बतौर गवाह 18 साल से अधिक उम्र के किसी भी व्यक्ति को पूछताछ के लिए बुलाने की शक्ति देती है।

## रिलायंस-डिज्नी बिजनेस की चेयरपर्सन बन सकती हैं नीता अंबानी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रिलायंस फाउंडेशन की फाउंडर और चेयरमैन नीता अंबानी रिलायंस इंडस्ट्री और वॉल्ड डिज्नी की मर्जर वाली एंटिटी की चेयरपर्सन हो सकती हैं। दोनों कंपनियों के बीच हुई इस डील का आधिकारिक ऐलान इस हफ्ते हो सकता है। इस बात जानकारी रॉयटर्स ने सूत्रों के हवाले से दी है। रिपोर्ट के मुताबिक, रिलायंस के पास इसके 51 फीसदी से 54, डिज्नी के पास 40 फीसदी, जबकि जेम्स मर्डोक और उदय शंकर की जॉइंट वेंचर कंपनी बोधी ट्री के पास 9 फीसदी की हिस्सेदारी होगी। वहीं, ब्लूमबर्ग की एक अन्य रिपोर्ट के मुताबिक दोनों कंपनियों के बीच यह डील हुई।

## बड़ी है तैयारी ! मार्च से लागू हो सकता है सीएए

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** नागरिकता संशोधन कानून मार्च से लागू करने की तैयारी है। मार्च के पहले सप्ताह में ही लोकसभा चुनाव का भी ऐलान होना है। ऐसे में सरकार आचार संहिता लगने से पहले ही यह बड़ा फैसला लेने जा रही है। इससे पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश से उत्पीड़न का शिकार होकर भारत में शरण लेने वाले हिंदू, जैन, बौद्ध और सिख धर्म के लोगों को फायदा मिलेगा। इस नियम के तहत 31 दिसंबर, 2014 तक पड़ोस के तीन देशों से उत्पीड़न का शिकार होकर आए लोगों को भारत की नागरिकता मिल सकेगी। अफगानिस्तान, पाक और बांग्लादेश तीनों ही इस्लामिक मुल्क हैं और यहां हिंदू, बौद्ध, सिख और जैन पंथ के लोग अल्पसंख्यक हैं। पाकिस्तान, बांग्लादेश एवं अफगानिस्तान से बड़ी संख्या में लोग दशकों से पलायन करके भारत आते रहे हैं।



# काम करते नहीं लेकिन झूठा क्रेडिट लेने आते हैं

### चीनी झंडा देखकर तमिलनाडु में डीएमके पर भड़के पीएम मोदी

**चेन्नई (एजेंसी)।** तमिलनाडु में इसरो से जुड़े एक विज्ञापन पर चीनी झंडा प्रकाशित होने से बवाल मचा हुआ है। अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इस मामले में डीएमके सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने आरोप लगाए कि डीएमके काम नहीं करती, लेकिन क्रेडिट लेने के लिए हमेशा तैयार रहती है। तमिलनाडु भाजपा प्रमुख ने भी सवाल उठाए थे कि डीएमके लंबे समय से इसरो का अपमान करती रही है। खबर है कि डीएमके सरकार में मंत्री थिरु अनीता राधाकृष्ण ने की तरफ से एक विज्ञापन अखबारों में प्रकाशित कराया गया। इसमें सामने पीएम मोदी और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन की तस्वीर है। इसमें पीछे एक रॉकेट नजर आ रहा है, जिस पर सबसे ऊपर चीन का झंडा बना हुआ है। पोस्टर में सीएम के बेटे और राज्य सरकार में मंत्री उदयनिधि स्टालिन भी नजर आ रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा, डीएमके एक ऐसी पार्टी है, जो काम तो करती नहीं लेकिन झूठा क्रेडिट लेने के लिए आगे रहती है। यह कौन नहीं जानता कि हमारी स्कीम पर अपने स्टीकर चिपका देते हैं। अब तो इन्होंने हद कर दी। इन्होंने तमिलनाडु में इसरो लॉन्चपैड का क्रेडिट लेने के लिए इनका स्टीकर चिपका दिया है। ये तमिलनाडु डीएमके के नेता...देख ही नहीं सकते...।



## शिवराज-सिंधिया पर बीजेपी खेलेगी बड़ा दांव !

- **विजयवर्गीय भी लड़ सकते हैं लोकसभा चुनाव**


**भोपाल (एजेंसी)।** भारतीय जनता पार्टी जल्दी ही लोकसभा चुनाव में उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर सकती है। मध्य प्रदेश की राजधानी में राज्य की 29 लोकसभा सीटों को लेकर मंथन भी मंगलवार को हुआ है। खबरें हैं कि प्रदेश नेतृत्व नामों की सूची लेकर दिल्ली जा सकता है। संभावनाएं जताई जा रही हैं कि 2024 चुनाव में भाजपा पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और कद्दावर नेता कैलाश विजयवर्गीय पर बड़ा दांव खेल सकती है। एक मीडिया रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से कहा जा रहा है कि पार्टी करीब 21 सांसदों को बदल सकती है। हालांकि, इसे लेकर आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है। फिलहाल, राज्य की 29 में 28 पर भाजपा का कब्जा है।



## हिमाचल में ड्रामा जारी, सीएम ने खुद को बताया योद्धा

### पुष्पा स्टाइल में बीजेपी को दिया जवाब, इस्तीफे से इंकार

**शिमला (एजेंसी)।** हिमाचल में मचे सियासी संग्राम के बीच मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू का बयान सामने आया है। सीएम ने इस्तीफा देने की खबरों से इंकार किया है। उन्होंने कहा कि मैंने इस्तीफा नहीं दिया है। सीएम ने दावा किया है कि उनकी सरकारी पूरे पांच साल चलेगी। मैं एक योद्धा हूं, मैं झुकूंगा



नहीं। कुछ भाजपा विधायक हमारे संपर्क में हैं। हिमाचल में यह सब भाजपा द्वारा बनाया गया नाटक है। इस्तीफे को लेकर उन्होंने कहा कि पता नहीं यह खबर कहां से आई। मैं घबराने वाला व्यक्ति नहीं हूं। मैं दावे के साथ कह सकता हूं कि बजट के लिए जो वोटिंग होगी उसमें हमारी जीत होगी। इस्तीफे की अफवाह भाजपा फैला रही है।

## जनता बाहर फेंक देगी तो कोई आपको देखेगा भी नहीं

### सीएम ममता बनर्जी का टीएमसी नेताओं को सख्त संदेश

**कोलकाता (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव से ऐन पहले संदेशखाली केस में टीएमसी नेताओं के कारिस्तान और जनता के नेताओं के खिलाफ खिलाफ उग्र प्रदर्शन ने पार्टी सुप्रीमो और पश्चिम बंगाल सीएम ममता बनर्जी का पारा चढ़ा दिया है। टीएमसी के नेता जमीन पर कब्जा करने, यौन उत्पीड़न और शोषण के आरोपों को लेकर विवादों का सामना कर रहे हैं। मंगलवार को ममता ने पार्टी नेताओं को कड़ा संदेश देते हुए कहा कि ऐसे हालातों में जनता बाहर फेंक देगी और कोई आपको देखेगा भी नहीं। ममता ने दो टूक शब्दों में कहा कि जो लोग टीएमसी में मेरे साथ हैं, वे विश्वास करें नहीं तो घर चले जाओ या किसी और दल में शामिल हो जाओ। ममता बनर्जी ने पुरुलिया जिले में एक सरकारी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, मैं ग्राम पंचायतों, पंचायत समितियों और जिला परिषदों में अपने सभी नेताओं को बताना चाहूंगी कि एक साथ काम करो। यह वही लोग हैं जिन्होंने आपको सत्ता में वोट दिया है और इसीलिए आप यहां हैं। अगर लोग आपको बाहर निकाल देंगे तो कोई आपकी तरफ देखेगा भी नहीं।



# महिलाओं की आड़ में आए 200 मैतेई आतंकी

### पुलिस अधिकारी का किया किडनैप, मणिपुर में बुलाई गई सेना

**इंफाल (एजेंसी)।** मणिपुर पुलिस ने बुधवार को बताया कि मंगलवार को 200 से अधिक आतंकवादियों ने एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के आवास पर हमला किया, उनके घर में तोड़फोड़ की, गोलियां चलाई और अधिकारी को उनके पुलिस एस्कॉर्ट के साथ किडनैप कर लिया। पुलिस ने बुधवार सुबह एक बयान में कहा कि बाद में पुलिस अधिकारी को क्वाकीथेल कोन्जेंग लीकाई इलाके से बचाया गया और चिकित्सा उपचार के लिए राज मेडिसिटी में भर्ती कराया गया। इस संबंध में मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच शुरू हो गई है। हालांकि पुलिस ने घटना के पीछे शामिल उग्रवादी समूह का नाम नहीं बताया है, लेकिन मामले की जानकारी रखने वाले सूत्रों ने कहा कि अपहरण संभवतः कट्टरपंथी मैतेई समूह अरामबाई तेंगगोल के सदस्यों द्वारा किया गया था। बुधवार सुबह मणिपुर पुलिस की ओर से जारी बयान में कहा गया कि करीब 200 की संख्या में गाड़ियों में आए हथियारबंद बदमाशों ने पूर्वी इंफाल जिले के पोरोम्पैट पुलिस स्टेशन के अंतर्गत वांगखेई टोकपम लीकाई के एएसपी मोइरंगथेम अमित सिंह के आवास पर धावा बोल दिया। हथियारबंद बदमाशों ने घरेलू संपत्ति में तोड़फोड़ की।



## मणिपुर में ताजा तनाव के बीच बुलाई गई सेना

मणिपुर में मंगलवार को ताजा तनाव बढ़ने पर सेना को बुलाया गया। मेइती संगठन अरामबाई तेंगगोल के कार्यकर्ताओं द्वारा पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी का उनके आवास से कथित तौर पर अपहरण करने के उपरांत असम राइफल्स की चार टुकड़ियों को इंफाल पूर्व में तैनात किया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। बचाव प्रयासों के बाद हालात बिगड़ गए जिससे राज्य सरकार को सेना की मदद लेनी पड़ी। अधिकारियों ने कहा कि असम राइफल्स की चार टुकड़ियों की मांग की गई और उन्हें उस क्षेत्र के आसपास तैनात किया गया जहां घटना हुई थी। सशस्त्र बल (विशेष शक्तियां) अधिनियम घाटी क्षेत्रों में लागू नहीं है। असम राइफल्स एक अर्धसैनिक बल है।

## सात फेरे लेने के बाद स्टेज पर बिगड़ी दुल्हन की तबीयत

### बैठे-बैठे ही हो गई मौत, शादी में मातम, मच गई चीख-पुकार

**फिरोजपुर (एजेंसी)।** पंजाब के फिरोजपुर जिले में शादी के दौरान ही एक दुल्हन की मौत हो गई। जिसके बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। दूल्हा-दुल्हन के सात फेरे हो गए थे और दुल्हन स्टेज पर बैठी थी। इसी दौरान दुल्हन की तबीयत बिगड़ गई। 10 मिनट के भीतर लड़की ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। लोगों ने दुल्हन को होश में लाने की कोशिश की। डॉक्टरों को बुलाया गया लेकिन, कोई फायदा



नहीं हुआ। पलभर में शादी की खुशियां मातम में बदल गई। बताया जा रहा है लो बीपी की वजह से दुल्हन की मौत हुई थी। मिली जानकारी के अनुसार, फिरोजपुर के गुरहरसहाय के गांव स्वाह वाला में जय चंद की 23 वर्षीय बेटी नीलम की शादी थी। उनकी बेटी को ब्याहने के लिए गांव रुकना बस्ती से महेंद्र कुमार थिंद का बेटा गुरप्रीत बारात लेकर पहुंचा था। घरवालों ने बारात का स्वागत धूमधाम से किया। हर तरफ खुशी का माहौल था।

### 266 किमी प्रति घंटे की रफ्तार भी झेल लेगा चिनाब ब्रिज

# भूकंप से भी बेअसर, बनकर तैयार हुआ दुनिया का सबसे ऊंचा ब्रिज

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जम्मू-उधमपुर-श्रीनगर-बारमूला रेलमार्ग पर बनकर तैयार दुनिया के सबसे ऊंचे चिनाब ब्रिज पर हवा का वेग ट्रेनों की रफ्तार तय करेगा। 359 मीटर के इस ब्रिज की सेहत जांचने और हवा की गति मापने के लिए निगरानी तंत्र और कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है। इससे तेज गति से सुरक्षित यात्री ट्रेनों का परिचालन सुनिश्चित किया जा सकेगा। रेलवे के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि चिनाब ब्रिज एक बड़ा स्टील आर्क बनाता है, जो भारत में अपनी तरह का पहला है। देश में ऐसी संरचनाओं के लिए कोई कोड या डिजाइन मार्गदर्शन नहीं है। दुनिया भर में इसी तरह की परियोजनाओं से प्राप्त अनुभवों के आधार पर पुल के लिए डिजाइन प्रथाओं का पालन किया गया। अधिकारी के मुताबिक, 1314 मीटर लंबे और 14 मीटर चौड़े चिनाब ब्रिज पर ट्रेनों को अधिकतम 100 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से चलाने के लिए डिजाइन किया गया है लेकिन, घाटी में अचानक मौसम बदलने और हवा की गति, ब्रिज के लिए खास निगरानी और चेतावनी तंत्र स्थापित किया गया है। इसमें



ब्रिज पर लगे 120 सेंसर मददगार साबित होंगे। ब्रिज का डिजाइन 72 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार पर ट्रेन चलाने के लिए बनाया गया है। हालांकि, विशेष परिस्थितियों में ट्रेन को प्रतिबंधित 30 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार पर चलाया जा सकेगा। वहीं, 266 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तूफान आने पर ब्रिज स्थिर रहेगा।

# एक दिन कांग्रेस में बच जाएंगे केवल मुसलमान विधायक

### कांग्रेस को लेकर असम सीएम की सख्त टिप्पणी, नाम भी गिनाए

**दिसपुर (एजेंसी)।** राज्यसभा चुनाव से पहले उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी और हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस के कई विधायकों ने क्रॉस वोटिंग की है। इसी दिन बिहार में कांग्रेस के दो और आरजेडी एक विधायक ने भाजपा का दामन थाम लिया। असम में भी इसके संकेत मिल रहे हैं। इस सबके बीच असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व सरमा ने मंगलवार को दावा किया कि राज्य में 2026 विधानसभा चुनाव आने तक कांग्रेस में केवल मुस्लिम विधायक ही बचे रहेंगे। सरमा ने विश्वनाथ जिले के गोहपुर में एक कार्यक्रम से इतर संवाददाताओं से कहा कि रकीबुल हुसैन, रकीबुद्दीन अहमद, जाकिर हुसैन सिकदर, नुरुल हुदा और कुछ अन्य कांग्रेस विधायक ही पार्टी में बने रहेंगे। यह पूछे जाने पर कि क्या हाल ही में कार्यकारी अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने वाले कांग्रेस नेता राणा गोस्वामी भाजपा में शामिल हो रहे हैं, मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें इसके बारे में कोई जानकारी नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा, ''वह कांग्रेस के ताकतवर नेता हैं और अगर वह भाजपा में शामिल होते हैं तो मैं इसका स्वागत करूंगा।'' इससे पहले दिन में कांग्रेस की असम प्रदेश इकाई के प्रमुख भूपेन बोरा ने दावा किया कि मुख्यमंत्री हिमंत विश्व सरमा का मेरे और मेरे परिवार के प्रति जिस प्रकार का कटु व्यवहार है, उससे यह स्पष्ट होता है कि वह मुझसे डरते हैं। बोरा ने दावा किया कि सरकारी कर्मचारी के रूप में कार्यरत उनके भाई और भाभी का तबादला राज्य के अलग-अलग कोनो में कर दिया गया।



## संक्षिप्त समाचार

### वीसी से हाईकोर्ट की सुनवाई में शामिल होंगे एसएसपी

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** सदर थाना क्षेत्र से गायब हुई एमबीए छात्रा मामले में हाईकोर्ट में सुनवाई चल रही है। इस केस में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से एसएसपी को उपस्थित होना है। हाईकोर्ट से एसएसपी राकेश कुमार को पांच अप्रैल को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सुनवाई के दौरान शामिल होने का आदेश दिया गया है। कोर्ट इस केस को लेकर एसएसपी से पुलिस के स्तर से हुई कार्रवाई की जानकारी ले सकती है। इस केस की जांच सीआईडी कर रही है। शेखपुरा जिले की एमबीए छात्रा सदर थाना क्षेत्र में अपने नाना के घर पर रहकर एक मैनेजमेंट कॉलेज में पढ़ रही थी। 2022 में 12 दिसंबर को वह कॉलेज जाने को घर से निकली थी। भगवानपुर से उसका अपहरण कर लिया गया था। शाम तक वह घर नहीं लौटी तो उसके नाना ने सदर थाने में उसके अपहरण की एफआईआर के लिए आवेदन दिया था। पहले इस केस की जांच सदर थाने की पुलिस कर रही थी। इस केस के अभियुक्त वैशाली जिले के अफजलपुर गांव निवासी सोनू कुमार को एडीजे-20 के कोर्ट से जमानत मिल चुकी है। वहीं इस केस की आरोपी अर्चना कुमारी और ज्योति कुमारी भी जमानत पर है। इससे पूर्व केस की गवाह उर्वशी उर्फ काजल, जमानत पर चल रही अर्चना कुमारी, ज्योति कुमारी और सोनू ने भी नार्को टेस्ट कराने से मना कर दिया था। केस की गंभीरता को देखते हुए जांच का जिम्मा सीआईडी को सौंप दिया गया था। हालांकि सीआईडी अबतक छात्रा को बरामद नहीं कर पायी है।

### गृहमंत्री सर्वोत्कृष्ट अनुसंधान पदक से नवाजे गये रेल एसपी

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** पटना स्थित पुलिस मुख्यालय में मंगलवार को मुजफ्फरपुर रेल एसपी डॉ. कुमार आशीष को गृहमंत्री सर्वोत्कृष्ट अनुसंधान पदक से नवाजा गया। पदक बिहार पुलिस के डीजीपी आरएस भट्टी ने प्रदान किया। इस पदक के लिए वे वर्ष 2020 में ही चुने गये थे। बताया कि यह बिहार का पहला गृहमंत्री अनुसंधान पदक है। रेल एसपी ने बताया कि 2019 में जब वे किशनगंज में एसपी थे, तब कोढ़ोबाड़ी में एक सामूहिक दुर्षकर्म की घटना हुई थी। पिता के सामाने ही अपराधियों ने किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया था। इस मामले में सात आरोपितों को उनके नेतृत्व में गिरफ्तार किया गया। सभी को कोर्ट ने दुष्कर्म के मामले में अधिकतम सजा दी। साथ ही पीड़िता को दस लाख मुआवजा व पुनर्वासन कराया। बताया कि सामूहिक दुष्कर्म में सात को आरोपित किया गया। एसआइटी ने सिर्फ 30 घंटे में सभी सातों को गिरफ्तार किया। ससमय चार्जशीट दखिल कर आठ महीने में स्पीडी ट्रायल चलवाकर आरोपितों को आजीवन कारावास की सजा दिलवाई। साथ ही 50-50 हजार का जुर्माना भी लगा। बता दें कि आइपीएस डॉ. कुमार आशीष मधेपुरा, नालंदा, किशनगंज और मोतिहारी के एसपी रह चुके हैं। वर्तमान में रेल एसपी मुजफ्फरपुर के पद पर सेवा दे रहे हैं।

### फाइलेरिया की दवा खाने के बाद छात्रा आईसीयू में भर्ती

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** फाइलेरिया की दवा खाने के बाद एक छात्रा को एसकेएमसीएच की आईसीयू में भर्ती कराना पड़ा। इस मामले में छात्रा के पिता ने सीएस को आवेदन दिया है। आवेदन में मनियारी के हरिशचंद्र चौधरी ने कहा कि उनकी बेटी सर्वोदय पब्लिक हाईस्कूल जमहरूआ में पढ़ती है। फाइलेरिया की दवा खिलाने से उसकी तबीयत इतनी बिगड़ गई कि उसे 14 से 17 फरवरी तक एसकेएमसीएच की आईसीयू में भर्ती कराना पड़ा। उन्होंने इस मामले में आशा कार्यकर्ता पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है।

### चांदी थाने में महिला हेल्पडेस्क शुरू

**आरा, एजेंसी।** महिलाओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए भोजपुर पुलिस की ओर से चांदी थाने में महिला हेल्पडेस्क की शुरुआत की गई है। उद्घाटन थानाध्यक्ष शैलेश कुमार और महिला हेल्प डेस्क प्रभारी मधु कुमारी ने संयुक्त रूप से किया। थानाध्यक्ष ने बताया कि महिला हेल्प डेस्क की स्थापना से महिला अपराधों पर अंकुश लगेगा तो वहीं शिकायत करने आई महिलाएं खुलकर अपनी बातें रख सकेंगी। महिला डेस्क प्रभारी मधु कुमारी ने बताया कि आम तौर पर थाने में महिलाएं शिकायत के दौरान झिझक महसूस करती हैं, क्योंकि उनका सामना पुरुष कर्मियों से होता है और अपनी बातें निर्भीकता से नही रख पाती हैं।

# लालू परिवार की और बढ़ सकती हैं मुश्किलें



### लैंड फॉर जॉब केस में सीबीआई की नई चार्जशीट जल्द

**पटना, एजेंसी।** आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव और उनके परिवार की मुश्किलें और बढ़ सकती हैं। सीबीआई जल्द ही लैंड फॉर जॉब मामले में नई एवं फाइनल चार्जशीट कोर्ट में दायर करेगी। केंद्रीय जांच एजेंसी ने मंगलवार को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट को यह जानकारी दी। सीबीआई ने कहा कि वह दो हफ्ते के भीतर नौकरी के बदले जमीन मामले में अंतिम चार्जशीट दाखिल करेगी। बता दें कि इस केस में लालू प्रसाद, राबड़ी देवी, तेजस्वी यादव, मीसा भारती एवं परिवार के अन्य सदस्यों को आरोपी बनाया गया है। इनके खिलाफ दायर दस्तावेजों की जांच की जा रही है। मामले की अगली सुनवाई 14 मार्च को तय की गई है।

सीबीआई ने मंगलवार को अदालत से कहा कि उसकी जांच निष्कर्ष के करीब है। वह अंतिम आरोप पत्र (चार्जशीट) को कोर्ट में दायर करने वाली है। राउज एवेन्यू कोर्ट ने मंगलवार को सीबीआई को फाइनल चार्जशीट दाखिल करने के लिए दो हफ्ते का समय दिया। सीबीआई स्पेशल विशेष जज विशाल गोगने ने इस मामले की अगली सुनवाई 14 मार्च के लिए सूचीबद्ध की है। यह मामला रेलवे में कथित जमीन के बदले नौकरी देने के घोटाले से जुड़ा हुआ है। आरोप हैं कि जब लालू यादव यूपीए कार्यकाल में रेल मंत्री थे, तब कई लोगों को नियमों की अनदेखी करते हुए रेलवे में नौकरी दी गई थी। इसके बदले में लालू परिवार के सदस्यों के नाम पर बेशकीमती जमीनें लिखवाई गई थीं। सीबीआई इस केस के आपराधिक पहलू की जांच कर रही है। वहीं, मनी लॉन्ड्रिंग पहलू की जांच ईडी कर रही है।

#### लालू की विधायक किरण देवी के घर ईडी का छापा, आरा से पटना तक रेड

सीबीआई ने 7 अक्टूबर 2022 को लैंड फॉर जॉब केस में पहली चार्जशीट दायर की थी। इसमें लालू यादव, उनकी पत्नी राबड़ी देवी और बेटी मीसा भारती समेत 16 लोगों को आरोपी बनाया गया था। इसके बाद 15 मार्च 2023 को उन्हें जमानत दे दी गई। जांच एजेंसी ने 3 जुलाई 2023 को इस केस में सप्लीमेंट्री यानी दूसरी चार्जशीट दायर की। इसमें बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव को भी आरोपी बनाया गया। 4 अक्टूबर को सभी आरोपियों को जमानत दे दी गई। अब अगले महीने यानी मार्च 2024 में इस केस की तीसरी और आखिरी चार्जशीट दाखिल की जा सकती है।



## पंच की पत्नी पर धारदार हथियार से हमला

**समस्तीपुर, एजेंसी।** जिले के कल्याणपुर थाने के गोंविंदपुर गांव में मंगलवार देर शाम लोगों ने पंचायत के पंच की पत्नी को हसुंआ से मार कर जख्मी कर दिया। जख्मी पंच उपेंद्र राम की पत्नी मीना देवी को परिवार के लोगों ने दरे शाम उपचार के लिए सदर अस्पताल पहुंचा। जहां उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। घटना की सूचना पुलिस को दी गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

**पहले से घात लगाए लोगों ने किया हमला :** जख्मी महिला के पुत्र दीपक राम ने बताया कि गांव के ही रंजीत राम की जमीन की मापी दो दिन पूर्व हुई है। पड़ोसी होने के कारण दीपक के परिवार वाले भी मापी के दौरान थे। जिस कारण गलत मापी नहीं हो पाया। आरोप है कि शाम में अपने आलू खेत की ओर गई। जहां पूर्व से घात लगाए रंजीत राम, मीना देवी, अनु कुमारी, रामवृक्ष राम, तारा देवी, संजीत राम , ज्योति कुमार आदि ने पहले उनकी मां की पिटाई कर दी। बाद में लोगों ने घास काटने वाले हसुंआ से उनके शरीर पर कई स्थानों पर वार कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गई। शोर होने पर जब आसपास व परिवार के लोग जुटे तो सभी मौके से फरार हो गए। जख्मी मीना देवी को कल्याणपुर पीएचसी लाया गया। जहां से डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल भेज दिया। जहां महिला का उपचार शुरू किया गया।

**आवेदन मिलने पर कार्रवाई की जाएगी :** परिवार के लोगों ने बताया कि महिला अकेली खेत की ओर गई थी। महिला को अकेला पाकर रंजीत राम व उसके परिवार के लोगों ने हमला कर दिया। कल्याणपुर थानाध्यक्ष राजन कुमार ने बताया कि मारपीट की जानकारी मिली है। परिवार के लोग जख्मी को उपचार कराने के लिए सदर अस्पताल ले गए हैं।




## जेसीबी से तेजस्वी के काफिला पर फूलों की बारिश

### जन विश्वास यात्रा के दौरान देर रात सड़कों पर डटे रहे राजद कार्यकर्ता

**जमुई, एजेंसी।** जमुई,जन विश्वास यात्रा के तहत राजद नेता एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के सड़क मार्ग से जमुई आगमन के मद्देनजर जिले के पाडो चौक, बखारी ,बाबा ढाबा,खैरमा,जिला मुख्यालय सहित कई जगहों पर आरजेडी कार्यकर्ताओं का जोश देखने को मिला। तेजस्वी यादव का काफिला जमुई जिले की सीमा क्षेत्र में रात 11:00 बजे के करीब प्रवेश किया। कार्यकर्ता अपने नेता की एक झलक पाने को लेकर सड़कों पर डटे रहे।

#### कार्यकर्ताओं ने की जमकर नारेबाजी

इस दौरान कई जगहों पर राजद कार्यकर्ताओं के द्वारा जेसीबी मशीन पर चढ़कर फूलों की वर्षा के साथ उनका जोरदार स्वागत किया गया। तेजस्वी यादव और लालू यादव जिंदाबाद के खूब नारे लगे। बिहार के मुख्यमंत्री कैसा हो तेजस्वी यादव जैसा हो के नारे के साथ सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता तेजस्वी यादव के बस के पीछे भागते दिखे। इस दौरान स्कॉट पार्टी को भी तेजस्वी की गाड़ी निकालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। वहीं जमुई जिला प्रवेश करते सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद देखी गई। जमुई पुलिस जगह-जगह पर सुरक्षा की दृष्टि को लेकर तैनात थे।सड़कों के दोनों तरफ राजद कार्यकर्ताओं की बड़ी संख्या में भीड़ देखी गई। रात ज्यादा होने के कारण तेजस्वी यादव बस से नहीं उतरे, जिसके कारण कार्यकर्ता उदास दिखे। तेजस्वी यादव का काफिला लखीसराय होते हुए मुंगेर के लिए निकल गया।

### शहर के कई हिस्सों में लगा जाम, हुई परेशानी

**भागलपुर, एजेंसी।** शहर में मंगलवार को एक राजनीतिक पार्टी के रोड शो की वजह से कई रूटों पर वाहनों का परिचालन प्रभावित रहा। जाम के कारण सड़क पर वाहनों की लंबी कतारें लग गई थीं। दोपहर को विक्रमशिला सेतु पर कुछ देर के लिए जाम की स्थिति हुई थी। इसके बाद जब रोड शो की भीड़ सेतु होकर शहर में प्रवेश करने लगी तो बाईपास पर वाहनों की कतार लग गई थी। करीब 2 घंटे तक शहर का ट्रैफिक शाम के समय अस्त व्यस्त रहा। इस दौरान जगह-जगह अतिरिक्त जवानों को भी तैनात किया गया था, लेकिन अत्यधिक भीड़ के कारण जाम पर काबू पाना मुश्किल हो रहा था। जाम का प्रभाव वीर कुंवर सिंह चौक से तिलकामांझी, कचहरी चौक से शहीद चौक, लोहिया पुल से अलीगंज तक था। इन रास्तों से जुड़ने वाले सभी रास्तों में वाहनों की लंबी कतारें लगी हुई थीं। सड़क पर चारपहिया तो दूर दोपहिया वाहनों को भी जाने में काफी परेशानी हो रही थी। जाम के कारण कई इमरजेंसी वाहन भी फंस गए थे, हालांकि उन वाहनों को लोगों ने पुलिस की मदद से आगे बढ़ाया। जाम की वजह से वाहन चालकों ने शॉर्टकट रास्तों का इस्तेमाल करना चाहा। इस वजह से गलियों में भी जाम की स्थिति हो गई थी।

## बागी विधायकों के खिलाफ क्या एक्शन लेगी आरजेडी? : मनोज झा

**पटना, एजेंसी।** बिहार में महागठबंधन को बड़ा झटका लगा है। मंगलवार को कांग्रेस के दो और आरजेडी के एक विधायक ने पाला बदल लिया। मंगलवार को विधानसभा की दूसरी पाली में बिक्रम से कांग्रेस के विधायक सिद्धार्थ सौरव और चेनारी विधायक सह पूर्व मंत्री मुरारी गौतम के अलावा आरजेडी से मोहनिया की विधायक संगीता कुमारी सत्तापक्ष की कतार में बैठ गए। बाद में, मीडियाकर्मियों से बातचीत में तीनों ने स्वीकारा कि वे भाजपा में शामिल होंगे। वहीं आरजेडी ने अपने चारों विधायकों (संगीता कुमार, चेतन आनंद, नीलम देवी और प्रह्लाद यादव) को सदन की सदस्यता से अयोग्य ठहराने की मांग की है। इनमें से किसी ने भी अब तक औपचारिक रूप से पार्टी से इस्तीफा नहीं दिया है। आरजेडी प्रवक्ता और सांसद मनोज झा ने कहा है कि नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव को अपनी जन विश्वास यात्रा के दौरान लोगों का जबरदस्त जन समर्थन मिल रहा है। इससे भाजपा और जदयू डरा हुआ है। इनकी नींद उड़ी हुई है। उनके साथ जनता की लहर है, इसका अंदाजा दोनों विपक्षी पार्टियों को हो गया है। उन्होंने राजद के विधायकों के दल बदलने के मामले पर कहा कि यह



पूरी तरह से गलत है। उनकी पार्टी विधानसभा के अध्यक्ष से गुहार लगाएगी कि वे इनके खिलाफ दल-बदल कानून के तहत कार्रवाई करने की पहल करें। ये विधायक धन्ना सेठों की थैली के गुलाम हो गए हैं। उनके इधर-उधर जाने से पार्टी को कोई चिंता नहीं है। जिनके साथ जन समर्थन होता है, उन्हें गुलाम बने ऐसे विधायकों की चिंता नहीं होती है। उन्होंने सत्तारुढ़ दल पर हमला करते हुए कहा कि यह बिहार की धरती है, यहां बड़े-बड़े सूरमा उखड़ गए।

#### पाला बदलने वालों पर होगी कार्रवाई : कांग्रेस

कांग्रेस विधायक दल के नेता शकील अहमद खान ने पार्टी में एकजुटता का दावा किया। दो विधायकों के पाला बदलने को उन्होंने पार्टी से गद्दारी बताया। उन्होंने कहा कि पाला बदलने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। जबकि कांग्रेस के एमएलसी प्रेमचंद्र मिश्रा ने कहा कि यह टूट नहीं है। यह बीजेपी के ऑपरेशन लोटस का नतीजा है। जो भी हुआ है, वह लोकतंत्र के लिए सही नहीं है।

#### पाला बदलने वालों की आत्मा मर गई : रामानुज

राजद विधायक रामानुज प्रसाद ने कहा कि यह सिर्फ बिहार ही नहीं बल्कि पूरे देश में यही हाल है। कई पूर्व विधायक, पूर्व सीएम टूट रहे हैं। सभी के पीछे ईडी-सीबीआई को लगा दिया गया है। औद्योगिक घरानों के पैसे का इस्तेमाल किया जा रहा है। जहां तक उनकी आत्मा जागने की बात है, जो लोग पार्टी छोड़कर गए उनकी आत्मा जगी नहीं है, बल्कि मर गई है।

## पैसे दो नौकरी लो; साइबर फ्रॉड ने जॉब दिलाने के नाम ठग लिए 2.56 लाख



**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** साइब फ्रॉड बिहार के बेरोजगार युवाओं को अपना शिकार बना रहे हैं। तरह तरह के हथकंडे अपना कर उनके साथ ठगी जा रही है। बेरोजगारी की भीषण मार से परेशान युवा पीढ़ी उनके झांसों में फंस जाते हैं। एक ऐसा ही ममला मुजफ्फरपुर से आया है। एक नामी निजी कंपनी में जॉब का झांसा देकर मिठनपुरा थाना के मिस्कॉट लेन नंबर चार के निवासी डॉ. जेपी दीक्षित के पुत्र विनय प्रकाश से साइबर शातिरों ने ऑनलाइन 2.56 लाख रुपए की ठगी कर ली। उसे नौकरी तो नहीं मिली उपर से लाखों रुपए चले जाने से परेशान है। विनय प्रकाश ने साइबर थाना में अलग-अलग मोबाइल नंबरों के धारक पर साइबर ठगी करने के आरोप में एफआईआर दर्ज कराई है। विनय प्रकाश पहले गुवाहाटी में एक निजी कंपनी में जॉब करते थे। इन दिनों घर पर ही हैं। इनके पिता डॉ. जेपी दीक्षित जिला स्कूल के राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त रिटायर्ड प्राचार्य हैं। विनय प्रकाश ने बताया कि नौ फरवरी को उन्हें एक अनजान नंबर से कॉल आई। उसने एक नामी इंटरनेशनल कंपनी का खुद को एचआर बताया। उसने जॉब ऑफर किया। इसके बाद 16 से 21 फरवरी के बीच अलग-अलग मद में रुपए की मांग की गई। फ्रॉड ने इस तरह 2.56 लाख रुपए ठग लिए गए। सारा भुगतान यूपीआई के माध्यम से लिया गया। जिसका पूरा ब्योरा पुलिस को सौंपा गया है। पुलिस इस मामले की गंभीरता के साथ छानबीन कर रही है। एएसपी ने कहा है कि जल्द उद्भेदन कर लिया जाएगा।

#### आरबीटीएस कॉलेज के प्रोफेसर से 50 हजार की ठगी

आरबीटीएस कॉलेज के प्रो. मकसूद अहमद खां से साइबर शातिरों ने 50 हजार रुपए की ठगी कर ली है। मिठनपुरा निवासी डॉक्टर ने साइबर थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। उन्होंने बताया है कि उनके मोबाइल पर एक मैसेज आया, जिसमें बैंकिंग ऐप को अपडेट करने के लिए लिंक भेजा गया था। उस पर क्लिक करते खाते से 50 हजार रुपए निकासी हो गए।



### आरा-टाटा एक्सप्रेस और बक्सर बनारस मेमू के परिचालन में विस्तार

**बक्सर, एजेंसी।** आरा टाटा एक्सप्रेस का परिचालन अब बक्सर से होगा, वहीं 03649/50 बक्सर बनारस मेमू स्पेशल बक्सर की जगह आरा तक जाएगी। पूर्व मध्य रेलवे के सीपीआरओ वीरेंद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि टाटा आरा एक्सप्रेस आरा की जगह बक्सर से खुलेगी। वहीं बक्सर बनारस मेमू अब आरा तक जाएगी। टाटा आरा एक्सप्रेस सुबह के 08:15 में टाटा से खुलकर रात के 20:30 में आरा पहुंचेगी। आरा से फिर यह ट्रेन रात के 20:40 में खुलकर 22:50 में बक्सर पहुंचेगी। वहीं यह ट्रेन डाउन में सुबह के 03:30 में बक्सर से खुलकर 05:00 बजे आरा होते हुए शाम के 17:20 में आरा पहुंचेगी। ट्रेन का आरा और बक्सर के बीच डुमरांव, रघुनाथपुर और बिहिया में भी स्टॉप होगा। इसके अलावा मेमू के एक्सटेंशन का लाभ डुमरांव, रघुनाथपुर, बनाही सहित अन्य स्टेशनों के यात्रियों को मिलेगा।

## मुजफ्फरपुर से दरभंगा जा रही बस एनएच पर धू-धूकर जली बस



### 35 यात्री थे सवार, खिड़की से कूदकर बचाई जान

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** मुजफ्फरपुर से दरभंगा जा रही पथ परिवहन निगम की बस मंगलवार शाम करीब पौने चार बजे मझौलिया में एनएच-27 पर धू-धूकर जल गई। घटना के समय बस में सवार 35 यात्री बाल-बाल बच गए। धुआं निकलना शुरू होते ही सभी यात्री कूदकर बस से बाहर निकल गए। स्थानीय लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन वे नाकाम रहे। देखते ही देखते 40 मिनट में पूरी बस जल गई। कंडक्टर विनोद दास ने बताया कि बस इमलीचट्टी स्थित सरकारी स्टैंड से 3.20 बजे खुली थी। बस को माड़ीपुर और गोबरसही होकर मझौलिया चौक से यू टर्न लेकर भगवानपुर के लिए मुड़ना था। मझौलिया पहुंचने पर बस के चालक ने नीचे इंजन की ओर से धुआं निकलते देखा। उसने तत्काल बस रोक दी। नीचे उतरकर देखा तो बस के इंजन में आग लगी थी। इस पर चालक और कंडक्टर ने यात्रियों को बस से निकलने के लिए शोर मचाया। इससे यात्रियों में अफरातफरी मच गई। कोई खिड़की से कूदा तो कोई गेट से गिरते-पड़ते बाहर भागा। यात्रियों का सामान भी बस से सुरक्षित निकाल लिया गया। कंडक्टर ने बताया कि इलेक्ट्रॉनिक वायरिंग में शॉट सर्किट से आग लगी थी। तुरंत स्थानीय सदर थाना और फायर ब्रिगेड के नंबर पर कॉल किया गया, लेकिन मदद समय पर नहीं पहुंची। बस में आग फैलने पर आसपास के लोग भी जुट गए। स्थानीय लोगों ने बाल्टी और पाइप से आग को बुझाने के लिए पानी मारा लेकिन लपटों पर काबू नहीं पाया जा सका। देखते-देखते आग पूरे बस में फैल गई। बीच सड़क पर हुए इस हादसे से करीब एक घंटे तक ट्रैफिक बाधित रहा। बाद में पुलिस ने एक साइड से वाहनों को निकलवाया। घटना के बाद एनएच पर लंबा जाम लग गया। बस पथ परिवहन निगम के दरभंगा डिपो की थी। मुजफ्फरपुर डिपो के आरएम, बीएसआरटीसी आशीष कुमार का कहना है कि हादसे की सूचना पर घटनास्थल पर जाकर बस की जांच की गई। प्रथमदृष्टया शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका है।

## सेन्ट्रल कोऑपरटिव बैंक के संस्थापक की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम

**आरा, एजेंसी।** शहर के मंगल पांडेय पथ स्थित सेंट्रल कोऑपरेटिव बैंक परिसर में बैंक के संस्थापक अध्यक्ष व पूर्व सासंद स्व. तपेश्वर सिंह की 33वीं पुण्यतिथि पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। मौके पर सर्वप्रथम स्व. सिंह की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इसके बाद सहकारिता के माध्यम से कृषि विकास विषय पर गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। डीडीसी विक्रम विरकर व सदर एसडीओ लाल ज्योतिनाथ सहदेव ने भी बैंक के संस्थापक अध्यक्ष को श्रद्धासुमन अर्पित कर सभा में भाग लिया। अध्यक्षता सत्येन्द्र नारायण सिंह ने की। उन्होंने स्व. तपेश्वर सिंह की ओर से समितियों का गठन व जिला स्तरीय सहकारिता समिति सेन्ट्रल कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड का गठन के लिए किये गये प्रयासों को याद किया। कृषि का विकास सिर्फ और सिर्फ सहकारिता के माध्यम से ही हो सकता है, ऐसा उनका मानना था। बिस्कोमान व भूमि विकास बैंक की स्थापना के साथ कृषि के लिए सभी इनपुट की व्यवस्था सहकारिता के माध्यम से उपलब्ध कराने का काम किया। संचालन जिला सहकारिता पदाधिकारी सह बैंक के प्रबंध निदेशक विजय कुमार सिंह ने किया। मौके पर राजेन्द्र सिंह, बैंक के निदेशक मंडल के उपाध्यक्ष सत्यदेव ओझा, निदेशक त्रिवेणी प्रसाद सिंह, रमेश कुमार, धर्मशीला देवी, शीला देवी, शेख मुख्तार चौहान, राणा प्रताप सिंह, कृष्ण कुमार सिंह, पैक्स अध्यक्ष रघुराज सिंह, महेन्द्र सिंह, संजय सिंह, उग्रेश सिंह, रमेन्द्र नारायण सिंह, जय प्रकाश सिंह, भूपेन्द्र सिंह, मार्कंडेय सिंह, नृपेन्द्र सिंह, प्रेम कुमार सिंह, रघुनाथ सिंह, विमलेश सिंह सहित बैंक के पदाधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

## संक्षिप्त समाचार

### पुरुषोत्तमपुर थाना क्षेत्र मे चोरों ने मचाया आतंक

**पुरुषोत्तमपुर थाना क्षेत्र के नरकटिया गांव में मंगलवार की रात चोरो का आतंक देखने को मिला। जहां एक ही रात मे कई घरों में चोरी हुई है**

**बेतिया।** जिले के पुरुषोत्तमपुर थाना क्षेत्र के नरकटिया गांव में मंगलवार की रात चोरो ने कई घरों में चोरी की ।लोगों ने बताया जाता है पिकअप वैन से आए चोरों ने एक रात मे कई घरों से बकरियों की चोरी कर लिए है। इधर बुधवार को घटना की सूचना मिलते ही पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है। थानाध्यक्ष संजीव कुमार के अनुसार नरकटिया गांव में खस्सी बकरियों की चोरी की सूचना मिली है। पुलिस पदाधिकारी को भेज मामले की जांच कराई गई है। थाना क्षेत्र में रात्रि गश्ती को और तेज कर दिया गया है। जल्द ही चोरों को पकड़ लिया जाएगा। वहीं स्थानीय लोगों द्वारा मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार की अर्द्ध रात्रि पिकअप भैन से अज्ञात लोग खस्सी बकरी चुराने गांव आए थे। चोरों ने होशियारी कर अपने पिकअप भैन को गांव से अलग रख लिया और सड़क किनारे जितने पशुपालन के घर थे उनके घरों के तालों को तोड़कर खस्सी बकरियों को उठाकर पिकअप वैन में लादकर फरार हो गए। सुबह जब पशुपालकों की नींद खुली और अपने खस्सी बकरियों को नहीं देखा तो उनके होश उड़ गए । जिन पशुपालकों के मवेशी चोरी हुई है उनमें जगदीश यादव, विनोद साह, फतेह मोहम्मद, मनीर आलम, किसनाथ हजरा ,चुमन यादव, आजाद शेख, रमेश पंडित ,नूरहोदा शेख, गुलनेशा और महबूब अंसारी शामिल है। पशुपालकों ने पुरुषोत्तमपुर थाना को आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। वहीं पुलिस मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच पड़ताल में जुट गई है।

### विकसित भारत के लिये स्वदेशी तकनीक पर परिचर्चा

**विज्ञान दिवस पर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन**

**चाणक्य भूमि (कनकलता)। बेतिया।**बुधवार को शुभवंती ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन में विज्ञान दिवस मनाया गया।इस अवसर पर "विकसित भारत के लिये स्वदेशी तकनीक " पर परिचर्चा की गयी।साथ ही पोस्टर प्रदर्शन,डिबेट, रंगोली,क्विज प्रतियोगिता तथा विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।समारोह के प्रारम्भ में हाईटेक पोलिटेक्निक के प्राचार्य अमित कुमार,शुभवंती इंस्टिट्यूशन ऑफ प्रोफेशन के प्राचार्य अफरोज आलम तथा मैनेजमेंट के प्राचार्य रविभूषण कुमार ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वल्लित कर समारोह का शुभारंभ किया।फार्मेसी कॉलेज के प्राचार्य अफरोज आलम ने रमन प्रभाव की विस्तृत जानकारी दी।उन्होंने ब्रेन ट्यूमर के पहचान और उपचार में वेंकट रमण के उल्लेखनीय कार्यो का विश्लेशण किया।मौके पर पंकज कुमार,हिदायतुल्लाह खान,अभिषेक आनंद,, वीरेश कुमार राय,मिथलेश कुमार, नवनीत,सत्त्यम,प्रीति कुमारी,आशुतोष कुमार गौरव,श्रेया प्रिया आदि का उल्लेखनीय योगदान रहा।विज्ञान दिवस को लेकर छात्रों में उत्साह दिखा।

### पुलिस महानिदेशक के निर्देश पर सभी थानों में शपथ लिया गया



**चाणक्य भूमि बेतिया।** बेतिया पुलिस महानिदेशक के निर्देश पर बिहार के सभी जिलों में पुलिस दिवस के अवसर पर सभी थानों में पुलिस और पब्लिक के बीच के संबंधों को लेकर शपथ लिया गया। पुलिस और पब्लिक का संबंध मधुरता पूर्वक बनाए रखने में सभी अपनी भूमिका अदा करेंगे साथ ही साथ किसी भी प्रकार की शिकायत पर पुलिस द्वारा तुरंत कार्यवाही कि जायेगी क्योंकि जनता की सेवा के लिए पुलिस बनी है और यह सेवा पुलिस पूरी ईमानदारी से करेगी यह शपथ बेतिया नगर थाना, मुफस्सिल थाना, मझौलिया थाना नौतन थाना बगहा थाना चौतरवा थाना सिकटा थाना गोपालपुर थाना समेत सभी थानों थाना अध्यक्ष द्वारा शपथ दिलाया गया गया।

### केविके में किसान गोष्ठी का आयोजन,उमड़ी भीड़





**चाणक्य भूमि (कनकलता)। बेतिया।** बुधवार को कृषि विज्ञान केंद्र माधोपुर मे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसान सम्मान निधि की 16वीं किस्त का हस्तांतरण किया गया जिसका सजीव प्रसारण कृषि विज्ञान केंद्र माधोपुर द्वारा किसान गोष्ठी आयोजित कर किया गया जिसमें बड़ी संख्या मे किसानों ने भाग लिया! कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे एंग्री इन्नोवेट प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर आनंद मोहन अवस्थी ने किसानों को संबोधित किया और विभिन्न कृषि नीतियो के बारे मे चर्चा की! केंद्र के वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान डॉ अभिषेक प्रताप सिंह ने किसानो को सम्बोधित करते हुए कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा चलाई जा रही गतिविधि के बारे मे विस्तार से बताया। इस कार्यक्रम में केंद्र के वैज्ञानिक डॉ धीरू तिवारी, डॉक्टर जगपाल, डॉक्टर चेलपुरी रामलू, डॉक्टर रीता देवी एवं सौरभ दुबे ने किसानो को विभिन्न विषयों पर संबोधित किया! इस कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र के सभी सहकर्मी उपस्थित रहे

### प्रेमी ने किया फोटो वायरल तो नाबालिक ने की खुदकुशी

**चाणक्य भूमि। बेतिया ।** बेतिया काली बाग ओपी थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 2 पश्चिमी करगहिया के रहने वाले सुरेंद्र प्रसाद एवं मंसूरी देवी की 15 वर्षीय पुत्री रूबी कुमारी उसे वक्त अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली जब उसके पिता अपना दुकान चलाने और मां प्राइवेट नर्सिंग होम में काम करने गई थी। नाबालिक साड़ी के सहारे धर में ही झूल गई । बताते चले कि मृतिका रूबी कुमारी कुमारी का प्रेम प्रसंग मोतिहारी के गया धाट के रहने वाले अमरजीत कुमार से विगत चार-पांच माह पूर्व से चल रहा था और उसी दौरान उसने कुछ फोटो रूबी का खींच लिया और बराबर उसे फेसबुक पर वायरल करने की धमकी देता था जिस बात को लेकर नाबालिक छात्रा बराबर टेंशन में रहती थी इसी क्रम में प्रेमी ने फोटो वायरल कर दिया और यह बात रूबी बर्दाश्त नहीं कर पाई तथा मंगलवार के दिन जब उसके पिता फल बेचने के लिए घर से बाहर गए जो एक फल व्यवसाई थे तथा मां नर्सिंग होम में काम करने गई तो घर पर उसकी छोटी बहन थी बहन को ट्यूशन पढ़ने के बहाने भेज एकान्त पाकर मृतका ने साड़ी के फंदे में फसरी लगाकर अपनी आत्महत्या कर ली ।आसपास के लोगों द्वारा इस घटना की जानकारी पुलिस को दी गई आनन फानन में जीएमसीएच में लया गया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया वही इस संबंध में प्रभारी थाना अध्यक्ष विवेक कुमार ने बताया कि बताया कि प्रथम दृष्टया आत्महत्या का लगता है फिर भी पुलिस पूरे मामले की जांच में पड़ताल में जुट गई है। इस धटना के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है वे बार-बार कह रहे थे की फोटो वायरल करने के कारण उनकी पुत्री ने यह कदम उठाया है मृतका के पिता ने बताया कि उनकी पुत्री उनके साली के देवर से बात करती थी ।और वह फोटो वायरल करने की धमकी देता था जिस कारण वह बराबर तनाव में रहती थी पिछले कई माह से उसकी पढ़ाई भी बंद था वह कक्षा सातवा की छात्रा थी अब सवाल यह उठता है कि इतनी कम उम्र में आखिरकार जिन बच्चों को पढ़ाई पर ध्यान देना चाहिए वे लोग प्रेम प्रसंग के चक्कर में पड़कर अपनी जिंदगी बर्बाद कर बैठते हैं कहीं ना कहीं ऐसी घटनाओं के पीछे मोबाइल का उपयोग किया जाना है कहने को कहां जाये तो मोबाइल ठीक भी है और बर्बादी का कारण जहां तक हो सके इसे कम उम्र के बच्चों से दूर ही रखा जाए तो बेहतर है।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला सतर्कता एवं अनुश्रवण समिति की बैठक सम्पन्न

# एससी/एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम अंतर्गत पीड़ितों को त्वरित गति से दिलाएं न्याय : जिलाधिकारी

चाणक्य भूमि। बेतिया

**लंबित मामलों का त्वरित गति से निष्पादन कराने का निर्देश**





जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय ने कहा कि अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम अंतर्गत लंबित मामलों का निष्पादन तीव्र गति से कराना सुनिश्चित किया जाय। पीड़ित परिवार, व्यक्तियों को ससमय न्याय दिलाना जिला सतर्कता एवं अनुश्रवण समिति का दायित्व है। साथ ही निर्दोष व्यक्ति को सजा नहीं मिले, इस हेतु भी सजग एवं सतर्क रहने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति समुदाय के व्यक्तियों के प्रति सरकार एवं जिला प्रशासन संवेदनशील है। इस हेतु अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम अंतर्गत विभिन्न प्रावधान किये गये हैं। उन्होंने निर्देश दिया कि सरकार द्वारा दी जानी वाली सुविधाओं, सहायतों आदि की विस्तृत जानकारी से अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति समुदाय को अवगत कराया जाय। इस हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार कराना सुनिश्चित किया जाय। जिलाधिकारी अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम अंतर्गत गठित जिला सतर्कता एवं अनुश्रवण समिति की बैठक में संबंधित अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे। पुलिस अधीक्षक, बेतिया, श्री अमरकेश डी ने कहा कि सभी पुलिस अधिकारी अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम अंतर्गत मामलों के निष्पादन में तेजी के साथ कार्य करें। पीड़ित व्यक्तियों को न्याय दिलाने में तत्पर रहें। इसमें किसी भी स्तर पर कोताही नहीं बरती जाय। बैठक में वित्तीय वर्ष 2022-23, 2023-24 में प्राप्त आवंटन एवं व्यय, गत बैठक से संबंधित अनुपालन प्रतिवेदन, अबतक प्राप्त वादों, संगीन अपराध के मामले में भुगतान की स्थिति, नियम 15 (1) (घ) एवं नियम 11 के तहत देय राहत, विशेष लोक अभियोजक के कार्यों, पुलिस अधीक्षक, बेतिया/ बगहा से प्राप्त प्रतिवेदन/मुआवजा प्रस्ताव, अनुमंडल स्तरीय सतर्कता एवं अनुश्रवण समिति की बैठक आदि की समीक्षा जिलाधिकारी द्वारा की गयी। जिला कल्याण पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में 401 लाभुकों के बीच 25319800.00 की राशि पीएफएमएस से तथा 14 लाभुकों को पेंशन मद में 850000.00 की राशि सीएफएमएस के माध्यम से दी गयी है। इसी तरह वित्तीय वर्ष 2023-24 में अबतक 505 लाभुकों के बीच 29821518.00 रूपये सहायता राशि पीएफएमएस के माध्यम से प्रदान की गयी है। 66 लाभुकों सहित 18 पेंशनर के बीच जनवरी 2024 तक पेंशन मद में अबतक 3491800.00 रूपये का भुगतान किया जा चुका है। जिला कल्याण पदाधिकारी पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि नियम-11 के उप नियम-11 (1) एवं 11 (3) के तहत अपराध के अन्वेषण, सुनवाई या विचारण के दौरान यात्रा भत्ता एवं दैनिक भरण-पोषण देने का प्रावधान है। वितीय वर्ष 2023-24 में अबतक कुल-16 गवाहों को यात्रा भत्ता एवं दैनिक भरण पोषण भत्ता का भुगतान किया गया है।

इस अवसर पर माननीय माननीय सदस्यगण श्री अनिल कुमार राम, अन्य माननीय सदस्यगण सहित पुलिस अधीक्षक, बेतिया, श्री अमरकेश डी, अपर समाहर्ता, श्री राजीव कुमार, नगर आयुक्त, नगर निगम बेतिया, श्री शंभू कुमार, जिला कल्याण पदाधिकारी, श्री कमलेश कुमार सिंह, सिविल सर्जन, डॉ0 श्रीकांत दूबे, विशेष कार्य पदाधिकारी, जिला गोपनीय शाखा, श्री सुजीत कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, बगहा, श्री कुमार देवेन्द्र एवं अन्य संबंधित प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी उपस्थित थे।

## स्वास्थ्य विभाग से सम्बन्धित मासिक समीक्षात्मक बैठक

**इस बैठक मे बेहतर कार्य को लेकर प्रशस्ति पत्र के साथ स्वास्थ्य कर्मी हुए सम्मानित साथ ही बताया गया की जागरूकता के साथ चल रहा है एमडीए कार्यक्रम**

चाणक्य भूमि। मोतिहारी



मोतिहारी जिला समाहरणालय परिसर स्थित राजेंद्र प्रसाद सभागार में स्वास्थ्य विभाग से सम्बन्धित मासिक समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक का आयोजन जिलाधिकारी के निर्देश पर सिविल सर्जन पूर्वी चंपारण की अध्यक्षता में किया गया। समीक्षा के क्रम में स्वास्थ्य विभाग के संबंधित पदाधिकारीयों को सिविल सर्जन द्वारा सुधारात्मक कई महत्वपूर्ण आवश्यक दिशा- निर्देश दिए गए। सिविल सर्जन ने जिले के सभी संस्थानों को साफ सफाई, दवा की उपलब्धता, मरीजों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए सेवा भावना से कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने जिले में चलाए जा रहें एमडीए कार्यक्रम की जानकारी डीबीडीसीओ से लीं। सिविल सर्जन डॉ श्रवण कुमार पासवान ने सभी संबंधित संस्थाओं के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को ओपीडी में कमी वाले संस्थान को इसमे सुधार लाने हेतु निर्देशित किया।वहीं चिकित्सकों को ससमय ड्यूटी करने,संस्थागत प्रसव को बढ़ाने के लिए सभी संस्थानो को निर्देशित किया गया। एएनसी गुणवत्तापूर्वक करने एवं भव्या पोर्टल का रिव्यु कर उसमे सुधार करने हेतु उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।वहीं डीपीएम ठाकुर विश्वमोहन ने बताया की जिले में स्वास्थ्य विभाग मरीजों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। स्वाथ्य विभाग के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों के साथ हीं नर्स, पारा मेडिकल स्टाफ, आशा, आदि स्वास्थ्य सुविधा बेहतर बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने टीकाकरण, मातृत्व स्वस्थ्य, शिशु स्वास्थ्य परिवार कल्याण, वेक्टर जनित रोग, गैर संचारी रोग, संस्थागत प्रसव, अस्पताल में प्रसव से जुड़ा सेवाओं को सुदृढ़ करने पर सुझाव दिया। जनवरी में सबसे ज्यादा ओपीडी करने के लिए गए प्रिया कुमारी साह,अनुमंडलीय अस्पताल, रक्सौल, हब में सबसे ज्यादा कंस्लटेशन के लिए डॉ गौतम कुमार तया स्पोक्स में सबसे ज्यादा कंस्लटेशन के लिए संजू कुमारी सिन्हा एसएचओ को सीएस एवं डीपीएम द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। डीबीडीसीओ डॉ शरत चंद्र शर्मा ने बताया की जिले में जन जागरूकता के साथ फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम आशा, जीविका दीदीयों, जनप्रतिनिधियों, सहयोगी संस्थानों के सहयोग से चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया की आगे एईएस को लेकर भी तैयारियाँ की जा रहीं है। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ श्रवण कुमार पासवान के साथ जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ शरत चंद्र शर्मा, जिला कार्यक्रम प्रबंधक ठाकुर विश्वमोहन, जिला लेखा प्रबंधक अभिजीत भूषण, योजना समन्वयक, डीसीएम नंदन झा, अनुश्रवण पदाधिकारी अमानुल्लाह,सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, सामुदायिक उत्प्रेरक,लेखा प्रबंधक के अलावा प्रखंडस्तरीय स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थे।

## मैंने जो कुछ भी किया अपने दम पर किया-प्रशांत

**जन सुराज कोई दूसरा या तीसरा मोर्चा नहीं होगा, अगर जन सुराज दल बनता है तो बिहार में सिर्फ एक ही दल होगा**

चाणक्य भूमि।बेतिया



जन सुराज पद यात्रा के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने कहा कि आज जो टीवी पर राजनीतिक दलों के नेता बयानबाज बने हुए हैं उनके आकाओं के आका बैठकर हमसे सलाह लेते रहे हैं कि हम कैसे चुनाव लड़ें तो उनकी बातों पर जवाब देकर उनको जरूरत से ज्यादा सम्मान देना नहीं चाहता।जहां तक बात दूसरे-तीसरे मोर्चे की हो रही है तो आप इतनी समझ रखिए कि कोई दल या मोर्चा अगर मैं बनाऊंगा तो वही एक मोर्चा बिहार में बचेगा दूसरा कोई नहीं बचेगा। अगर जन सुराज दल बनता है तो आप देखिएगा एक ही दल बचेगा इसके अलावा कोई दल नहीं बचेगा। लोगों को एहसास नहीं है कि मैं कितनी बड़ी व्यवस्था बना रहा हूं। मैंने काम छोड़ा है उसकी समझ नहीं छोड़ी है। मैंने जो अपने जीवन में काम किया है उसमें कुछ कहने की जरूरत नहीं है वो देश के सामने है। नीतीश कुमार ही क्यों मैंने मोदी के लिए भी काम किया है इसके अलावा 10 राज्यों में चुनाव जितवाए हैं। मैंने जो कुछ भी किया अपने दम पर किया दूसरे नेता की तरह हमारे पिताजी ने मुझे नहीं कर के दिया प्रशांत किशोर ने कहा कि मैंने जो कुछ भी किया उसे अपने स्तर पर किया हमारे पिताजी ने मुझे नहीं कर के दिया था। नीतीश कुमार मुझे क्या धन देंगे? अगर मुझे धन चाहिए ही होगा तो इतने बड़े-बड़े राज्यों में सरकारें बनी हैं, जिसको बनाने में मैंने कंधा लगाया है। नीतीश कुमार की पार्टी के पास इतना पैसा नहीं कि वो मुझे धन देंगे। मैंने जो काम किया है डंके की चोट पर किया है अपनी समझ अपनी ज्ञान से किया है। मैं जो काम करता था उससे पूरे देश में इस विधा को खड़ा किया है इससे पहले उसके बारे में देश में कोई जानता भी नहीं था कि ये भी कोई विधा है। आज देश में 20 हजार से ज्यादा बच्चे इस तरह के काम को कर रहे हैं।

## कुशल युवा कार्यक्रम सेंटर संचालकों को डीएम ने किया सम्मानित



चाणक्य भूमि। छपरा

एक दिवसीय जिलास्तरीय नियोजन सह मार्गदर्शन मेला का बुधवार को जिलाधिकारी ने किया शुभारंभ। जिलाधिकारी सारण अमन समीर द्वारा श्रम संसाधन विभाग के तत्वाधान में बिहार कौशल विकास मिशन "संकल्प योजना" अंतर्गत जिला निबंधन एवम् परामर्श केंद्र, छपरा के परिसर में आयोजित जिला स्तरीय नियोजन -सह- मार्गदर्शन मेला का उद्धघाटन दीप प्रज्वलित कर किया गया।

## चाइल्ड हेल्प लाइन की मिली जानकारी





चाणक्य भूमि। (कनक लता) बेतिया

मझौलिया प्रखण्ड के विभिन्न क्षेत्रों में समाज के मासूम बच्चों के साथ हो रहे हिंसा, अपराध व लिंग भेदभाव को लेकर पारा विधिक स्वयंसेवक अवधेश कुमार गुप्ता ने जागरूकता अभियान चलाते हुए महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गों और अभिभावकों को गुड टच और बैड टच, बाल दुर्व्यवहार, बाल हिंसा, बाल विवाह, बाल श्रम, बाल तस्करी, बाल अधिकार, चाइल्ड लाइन हेल्पलाइन नम्बर 1098 के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। लोगों को जागरूक करते हुए स्वयंसेवक अवधेश कुमार गुप्ता ने कहा कि अभिभावकों को अपने अपने बच्चों को इन सामाजिक बुराईयों के प्रति सचेत रहने के लिए जागरूक करना होगा। उन्होंने कहा कि ऐसे बच्चे जो किसी मुसीबत में फंसे हो तो, तत्काल सहायता के लिए चाइल्ड लाइन हेल्पलाइन नंबर 1098 पर कॉल करें।

# कायाकल्प योजना को लेकर एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

चाणक्य भूमि। छपरा





अस्पतालों को सुचारू रूप से संचालित करने में स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों सहित अस्पताल प्रबंधकों की भूमिका काफी महत्वपूर्ण होती है। क्योंकि इन्ही लोगों के बदौलत अस्पताल परिसर को सुरक्षित और सुव्यवस्थित रखा जाता है। इनके योगदान के कारण अस्पताल को विभिन्न योजना के तहत राष्ट्रीय या राज्य स्तरीय टीम के द्वारा आंकलन किया जाता है। उक्त बातें सिविल सर्जन डॉ सागर दुलाल सिन्हा ने एमओआईसी, एचएम और बीएचएम को कायाकल्प योजना से संबंधित एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला के दौरान कही। इस अवसर पर सीएस डॉ सागर दुलाल सिन्हा, डीपीएम अरविंद कुमार, डीसीक्यूए रमेश चंद्र कुमार, पीरामल स्वास्थ्य की ओर से संजय यादव, डॉ रवि शंकर, डॉ प्रशांत कुमार, जपाइगो की बनानी मिश्रा, पीएसआई के राजीव कुमार, सिफार के धर्मेंद्र रस्तोगी, डीईओ मनीष कुमार सहित जिले के सभी एमओआईसी, एचएम और बीएचएम उपस्थित थे।

**अस्पताल में मरीजों को दी जाने वाली सुविधाओं को गुणवत्तापूर्ण उपलब्ध कराना पहली जिम्मेदारीः डीपीएम**

जिला स्वास्थ्य समिति के डीपीएम अरविंद कुमार ने कहा कि कायाकल्प योजना के तहत अस्पताल में मरीजों के लिए उपलब्ध सुविधाओं को गुणवत्तापूर्ण सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए जिले के सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, अस्पताल प्रबंधक और प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक को एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन सदर अस्पताल परिसर स्थित जीएनएम स्कूल के सभागार में आयोजित की गई। जिसमें उन्होंने यह भी बताया कि अस्पताल में बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा देने के लिए विभाग द्वारा लगभग 50 से अधिक सुविधाओं पर फोकस किया जाता है। हालांकि मुख्य रूप से हाईजीनिक, बायो मेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट, पंजीयन काउंटर, हॉस्पिटल इंफेक्शन प्रिवेंशन मैनेजमेंट रिकॉर्ड कीपिंग, दवा वितरण, मरीजों से स्वास्थ्य कर्मियों का व्यवहार सहित कई अन्य गतिविधियां शामिल हैं।

**कायाकल्प योजना के तहत मुख्य रूप से आठ बिंदुओं पर कार्य करने की जरूरतः डीसीक्यूए**

जिला सलाहकार गुणवत्ता यकीन पदाधिकारी (डीसीक्यूए) रमेश चंद्र कुमार ने बताया कि जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं व रख- रखाव सहित कई अन्य तरह की सेवाओ की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग द्वारा कायाकल्प योजना के तहत कार्य कराया जाता है। ताकि अस्पताल परिसर में इलाज करने वाले मरीज या अभिभावकों को किसी प्रकार से कोई परेशानी या संक्रमण नही फैले। कायाकल्प का मतलब यही होता है कि अस्पताल प्रबंधन अपनी ओर से घर जैसा माहौल बनाकर रखें। हालांकि इस योजना से संबंधित मुख्यतः आठ बिंदुओं पर अस्पताल प्रशासन द्वारा कार्य किया जाता है।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस एवं बिहार दिवस को लेकर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न

## प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से यह जानकारी दी गई

चाणक्य भूमि। बेतिया

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस एवं बिहार दिवस को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने को लेकर आज जिलाधिकारी, श्री दिनेश कुमार राय की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक में उक्त दोनों दिवसों के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तथा तैयारी से संबंधित बिन्दुओं पर विचार-विमर्श हुआ। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस तथा बिहार दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की तैयारी ससमय पूर्ण कर ली जाय। समाहरणालय परिसर अवस्थित सभी कार्यालयों/ शाखाओं को सुव्यवस्थित कराना सुनिश्चित किया जाय। इसके साथ ही साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था, प्रकाश आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाय। उन्होंने निर्देश दिया कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम में महिलाओं की व्यापक भागीदारी हो तथा महिलाओं के नारी सशक्तीकरण को प्रमुखता से प्रदर्शित करने की व्यवस्था की जाय। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली जिले की महिलाओं को सम्मानित करने की दिशा में भी कार्रवाई की जाय। बिहार दिवस के अवसर पर गांधीजी के संदेश को प्रदर्शित करने, गौरव गान आदि की व्यवस्था करने का निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिया गया। जिलाधिकारी द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के सफल आयोजन हेतु अपर समाहर्ता, श्री राजीव कुमार को नोडल पदाधिकारी तथा बिहार दिवस के सफल आयोजन हेतु प्रभारी पदाधिकारी, जिला सामान्य शाखा, श्री विपिन कुमार यादव को नोडल पदाधिकारी नामित किया गया। साथ ही निर्देश दिया गया कि विभागीय दिशा-निर्देशों के अनुरूप कार्यक्रम का आयोजन कराना सुनिश्चित किया जाय। इस बैठक में उप विकास आयुक्त, श्रीमती प्रतिभा रानी, अपर समाहर्ता, श्री राजीव कुमार, नगर आयुक्त नगर निगम बेतिया, श्री शंभू कुमार, प्रभारी पदाधिकारी, जिला सामान्य शाखा, श्री विपिन कुमार यादव, विशेष कार्य पदाधिकारी, जिला गोपनीय शाखा, श्री सुजीत कुमार, डीपीओ, आइसीडीएस, श्रीमती कविता रानी सहित शिक्षा एवं जीविका के अधिकारी उपस्थित रहे।












# पोर्टेबल एक्स रे मशीन से टीबी मरीजों की जांच में आई तेजी

### अनुमण्डलीय अस्पताल ढाका में हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया जिसमे 70 मरीजों की हुई जाँच हुई और 14 टीबी पॉजिटिव मरीजों की पहचान हुई। नई मशीन की वजह से काफ़ी कम समय में हो रही है टीबी स्क्रीनिंग

चाणक्य भूमि। मोतिहारी

प्रधानमंत्री टीबी मुक्त अभियान कार्यक्रम के तहत जिले के टीबी रोगियों को चिह्नित करने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा पोर्टेबल एक्स रे मशीन से उपलब्ध करायी गयी है ।जिससे शरीर में छिपे हुए टीबी का पता आसानी से लगाया जा ऱहा है।अभियान को गति देने के उद्देश्य से जिले के अनुमंडलीय अस्पताल ढाका में वर्ल्ड विज़न इंडिया के सहयोग से हेल्थ कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें अल्ट्रा पोर्टेबल डिजिटल एक्सरे मशीन से टीबी मरीजों का आसानी से पहचान की गई।वर्ल्ड विजन के डिस्ट्रिक्ट लीड रामजनम सिंह ने बताया कि यह कार्यक्रम पूरे बिहार के पांच जिले - मोतिहारी, मुज़फ़्फ़रपुर, दरभंगा, पूर्णिया और सारण, में चलाया जा ऱहा है जिसमें मोतिहारी बिहार का पहला जिला हैं जहाँ सबसे पहले इस पोर्टेबल मशीन से स्क्रिनिंग कैम्प लगाकर शुरू किया गया हैं इस हेल्थ कैम्प में कई तरह का जांच किया जा रहा है. जैसे ब्लड शुगर, बी पी, एच आईवी , वेट, हाइट की जाँच की जा रहीं है।वर्ल्ड विज़न के जिला पर्यवेक्षक रंजन कुमार वर्मा,सुमित कुमार पांडेय ने बताया की कैम्प मे 70 पेशेंट का एक्सरे किया गया जिसमें 14 टीबी के रोगी पाये गये है।टीबी रोगियों के बलगम भी संग्रह कर टेस्टिंग के लिये भेजा गया है। जिले के यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ संजीव ने बताया की 2 माइन 2.1 पोर्टेबल एक्स रे मशीन पूर्वी चंपारण को मिला है। उन्होंने बताया की यह राज्य का पहला आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पोर्टेबल एक्स-रे मशीन है जो C19 प्रोजेक्ट के तहत भारत सरकार के द्वारा यह मुहैया कराई गई है,इससे जिले के ग्रामीण कस्बे के लोगो को जो किसी कारण वश ज्यादा दूर अस्पताल जाकर इलाज नहीं करा सकते है, उनलोगो को घर, के आसपास, सामुदायिक क्षेत्र में ही मेडिकल कैंप लगाकर आशा, स्वास्थ्य कर्मियों व जनप्रतिनिधियों के सहयोग से जागरूक कर लोगो का निः शुल्क टीबी की जाँच कराई जा रही है।उन्होंने बताया की इस मशीन का लाभ जिले के लोगो को मिलना शुरू हो गया है।राज्य से चाई के स्टेट लीड अमरजीत प्रभारकर, वर्ल्ड विज़न इंडिया के डेटा एनलाइसिस सुशांत कृष्णा झा, डिस्ट्रिक्ट लीड रामजन्म सिंह के द्वारा कैम्प का निरक्षण किया गया।वहीं कोऑर्डिनेटर मिथलेश कुमार, आदर्श कुमार, रेडिये ग्राफर महमद सैफ अली मौके पर उपस्थित रहे।



# सुशीला देवी बनी प्रखंड प्रमुख



चाणक्य भूमि। मैनाटांड़

मैनाटांड़ प्रखंड प्रमुख का चुनाव बुधवार को अनुमंडल कार्यालय नरकटियागंज में भारी गहमागहमी के बीच संपन्न हुआ। अनुमंडल पदाधिकारी सूर्यप्रकाश गुप्ता के नेतृत्व में नियमानुसार चुनाव की कारवाई संपन्न हुई। इस चुनाव में सभी सदस्यों ने मतदान किया। जिसमें सुशीला देवी पति गणेश शाह ने 12 वोट हासिल किया 3 वोट से गणेश शाह को विजयी घोषित किया गया। वही पूर्व प्रमुख सुनैना देवी को मात्र 9 वोट हासिल हुआ और वह 3 वोट से पूर्व प्रमुख सुनैना देवी ने हार प्राप्त किया । वही जदयु के प्रखंड अध्यक्ष संजय पटेल और उप प्रमुख मैनाटांड़ खुर्शीद आलम ने जीत के लिए मैनाटांड़ नव निर्वाचित प्रमुख गणेश शाह को शुभकामनाएं और बधाई व्यक्त किया । जिसके विरुद्ध विरोधी गुट के समिति सदस्यों द्वारा आठ जनवरी को अविश्वास प्रस्ताव लगाया गया थाथा। तीन फरवरी को विरोधी गुट ने अपना बहुमत साबित किया, जिसमें प्रमुख की कुर्सी चली गई थी । प्रखंड प्रमुख के चुनाव के लिए समिति सदस्यों के बीच जोड़-तोड़ की राजनीति समाप्त हो गई है ।







# पारा लीगल वॉलिंटियर्स तथा पैनल अधिवक्ताओं का एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम

### जिला विधिक सेवा प्राधिकार, बेतिया के सभागार में पारा लीगल वॉलिंटियर्स तथा पैनल अधिवक्ताओं (बाल अधिकार) का एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन


चाणक्य भूमि। बेतिया

जिला विधिक सेवा प्राधिकार, बेतिया के सभागार में पारा लीगल वॉलिंटियर्स तथा पैनल अधिवक्ताओं (बाल अधिकार) का एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे जिला के सभी प्रखंडों से वॉलिंटियर्स तथा अधिवक्ता शामिल हुए। इस कार्यक्रम का आयोजन उड़ान (महिला एवं बाल विकास निगम, यूनिसेफ तथा प्रथम संस्था) की संयुक्त परियोजना के अंतर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकार पश्चिम चम्पारण के सभागार में श्री त्रिलोकी दुबे, जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, बेतिया के निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव श्री अमरेन्द्र कुमार राज, प्रथम जिला समन्वयक अमर सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पारा लीगल वॉलिंटियर्स को बाल अधिकार के मुद्दो पर जानकारी देने के साथ ही बच्चो के विरुद्ध सभी प्रकार की हिंसा तथा उत्पीड़न को रोकने तथा उनसे पीड़ित बच्चो को उचित कानूनी मदद के द्वारा न्याय दिलाना था। कार्यक्रम में अमर सिंह के द्वारा उड़ान परियोजना के रूपरेखा को बताते हुए बच्चो के साथ परिवार और माता पिता के संबंधों को मजबूती प्रदान करने तथा बच्चो को अपनी बातो को रखने का उचित अवसर प्रदान करने पर जोड़ दिया गया। इसके साथ ।चाइल्ड लाइन 1098 की उपयोगिता तथा बच्चो से संबंधित योजनाओं के बारे में बताया गया तथा इन योजनाओं को पाने में जिन दस्तावेजों की आवश्यकता है उसके बारे में बताया गया। अमर सिंह के द्वारा बाल अधिकार के स्तंभों जीवन का अधिकार, विकास का अधिकार, सहभागिता तथा संरक्षण के अधिकारो पर विस्तृत चर्चा किया गया। इसके साथ ही परिवार तथा समाज में लड़को तथा लड़कियों की बीच लैंगिक भेदभाव तथा उसे समाप्त करने में नागरिक समाज की भूमिका के महत्व पर प्रकाश डाला। विशिष्ट कानून जैसे पॉक्सो के उद्देश्य तथा बच्चो को न्याय संहिता में मिले अधिकारो पर भी प्रतिभागियों का ज्ञानवर्धन किया गया। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा जमीनी स्तर पर संस्था तथा परियोजना के कार्य की सराहना किया गया साथ ही उपस्थित सहभागियों को निर्देशित किया की यदि उन्हें बाल अधिकार उलंघन की घटना के बारे में पता चले तो उसे संस्था या जिला विधिक सेवा प्राधिकार के समक्ष तुरंत लाए ताकि उचित समय पर वैसे बच्चो की सहायता की जा सके। अंत में कार्यक्रम का समापन सचिन महोदय के द्वारा इस संकल्प के साथ किया गया कि जमीनी स्तर पर बच्चो के हक अधिकार को सुनिश्चित करने के लिए हम प्रतिबद्ध हो कर एक साथ कार्य करेंगे और उन्हें आगे बढ़ने का उचित अवसर प्रदान करने में उचित कदम उठाएंगे। आज कार्यक्रम के समय शम्भू नाथ मिश्रा जी चाइल्ड लाइन से जिला सेवा प्राधिकरण के सभी कर्मचारी, प्रथम से प्रखण्ड समन्वयक शुभम कुमार और सभी पारा लीगल स्वयं सेवक मौजूद रहे!













# महापौर ने माना अतिक्रमण से प्रभावित हो रहा है नगर का विकास

### महापौर के कार्यालय कक्ष में संपन्न नगर निगम के सशक्त स्थाई समिति की बैठक में अतिक्रम के बाद विकास के विभिन्न महत्पूर्ण एजेंडों पर किया गया विचार नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत अवस्थित नालों की बरसात पूर्व सफाई/उड़ाही के कार्य पर विचार विचार करने के बाद विभिन्न वार्डों से मांगा गया कार्य का प्रस्ताव

चाणक्य भूमि। बेतिया

नगर निगम के सशक्त स्थाई समिति की बैठक आहूत करने के पूर्व संधारित एजेंडों पर विचार करने के लिए नगर निगम के सशक्त स्थाई समिति की बैठक बुधवार को महापौर के कार्यालय कक्ष में आहूत की गई. महापौर गरिमा देवी सिकारिया की अध्यक्षता में आयोजित का संचालन नगर आयुक्त शंभू कुमार के द्वारा किया गया। बैठक के बाबत महापौर ने बताया कि नगर निगम क्षेत्र में बेरोक टोक बढ़ रही अतिक्रमण की समस्या नगर निगम के विकास की राह में सबसे बड़ी बाधा है। प्रायः हर सड़क और नालों का अतिक्रमण आम बात है। जिसके कारण सुगम यातायात और नया निर्माण संबंधी विकास योजनाओं को सही स्थान पर नहीं किया जा रहा है। नगर आयुक्त शंभू कुमार ने बैठक में बताया कि अतिक्रमण की समस्या विभाग और हमारी उच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। बैठक के विचारणीय विषयों में प्रथम विषय नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत अवस्थित नालों की बरसात पूर्व सफाई/उड़ाही के कार्य पर विचार किया गया। इसके बाबत सर्व सहमति से निर्णय किया गया कि सभी वार्डों से इसके लिए प्रस्ताव मांगा जाय। बरसात पूर्व सफाई के लिए वार्डवार प्राप्त प्रस्ताव पर नगर निगम बोर्ड की आगामी बैठक में विचार किया जाएगा।महापौर श्रीमती सिकारिया ने बताया कि पूर्व में जारी अधिसूचना के आलोक में वर्ष 2024-25 में बंदोबस्ती के लिए बाकी बचे सैरातों को बंदोबस्त करने के लिए बोली लगवाने पर विचार किया गया तथा इसके लिए तिथि का निर्धारण कर के प्रारूप उपलब्ध कराने का निर्णय सर्व सहमति से लिया गया। वर्ष 2024 -25 लिए नगर निगम के वार्षिक बजट बनाने और नगर निगम बोर्ड से पारित कराने के प्रस्ताव पर विचार किया गया। महापौर ने बताया कि संपूर्ण नगर निगम क्षेत्र में जारी विकास योजनाओं के साथ पूर्व में पारित विकास योजनाओं के प्रगति की समीक्षा करते हुए योजनाओं को गुणवत्तापूर्ण पूरा करने के लिए प्रशासनिक तत्परता बढ़ाने का निर्णय सर्व सहमति से लिया गया।









स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित ।
किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा ।सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प0 चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714